RNI NO. RAJHIN/2013/50649

pktimesnews.com PK Times News thepktimesofficial pk_timesofficial

PK टाइम्स

दैनिक
# लोक टुडे
www.loktodaynews.com

"घायल तो यहां हर परिंदा है। मगर जो फिर से उड़ सका वहीं जिंदा है.."

वर्ष - 12 | अंक - 271 | मूल्य - 1 रुपए | राजस्थान | शनिवार, 18 अप्रैल, 2026

# बंगाल के चुनावी समर में उतरे सीएम, सिलीगुड़ी में रोड शो

लोक टुडे। जयपुर/सिलीगुड़ी

पश्चिम बंगाल की राजनीति में इस समय राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की धमक सुनाई दे रही है। शुक्रवार सुबह दिल्ली से बागडोगरा एयरपोर्ट पहुँचते ही सीएम शर्मा का जिस तरह आत्मीय स्वागत हुआ, उसने बंगाल के चुनावी रण में भाजपा के उत्साह को दोगुना कर दिया है। बिना वक्त गँवाए मुख्यमंत्री सीधे सिलीगुड़ी पहुँचे और वहां आयोजित रोड शो में अपनी ताकत दिखाई। ममता बनर्जी के गढ़ में राजस्थान के मुख्यमंत्री का यह 'शक्ति प्रदर्शन' सीधे तौर पर भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति के खिलाफ एक बड़ा मोर्चा माना जा रहा है।

**भ्रष्टाचारी सरकार का अंत तय :** सिलीगुड़ी में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बेहद आक्रामक नजर आए। उन्होंने कहा, आप स्पष्ट रूप से देख सकते हैं कि बंगाल की जनता में कितना उत्साह है। यहां की



जनता ने इस भ्रष्टाचारी सरकार को हटाने का मन बना लिया है। भाजपा बहुत बड़े बहुमत से बंगाल में आने वाली है। उन्होंने ममता बनर्जी पर वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाते हुए कहा कि अब बंगाल विकास और सुशासन के मुद्दे पर कमल खिलाने के लिए तैयार है।

**राजस्थान के 'विकास मॉडल' का बंगाल में प्रचार:** बागडोगरा एयरपोर्ट पर हुए स्वागत की तस्वीरें साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने लिखा, देवतुल्य कार्यकर्ताओं द्वारा मिले अपार स्नेह से मन अभिभूत है। यह उत्साह ही मेरी असली शक्ति है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में बंगाल की धरती पर इस बार 'परिवर्तन का संकल्प और भी मजबूत हुआ है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने भाषणों में राजस्थान में भाजपा द्वारा लिए गए फैसलों का जिक्र कर रहे हैं। वे बंगाल की जनता को यह संदेश दे रहे हैं कि जो बदलाव राजस्थान में आया है, वही सुशासन अब बंगाल की जरूरत है।

# जयपुर की सिरसी रोड पर नहीं चलेगा बुलडोजर, सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

## एक दिन पहले जेडीए की आठ टीमों ने चिन्हित किये थे 300 अतिक्रमण

लोक टुडे। जयपुर

सिरसी रोड पर प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण को लेकर चल रही कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। कोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं, जिसके बाद जेडीए की ओर से शुरू की गई बुलडोजर कार्रवाई पर ब्रेक लग गया है। यह आदेश ऐसे समय आया है जब एक दिन पहले ही करीब 300 मकानों और दुकानों पर लाल निशान लगाए गए थे और अतिक्रमण हटाने की तैयारी पूरी कर ली गई थी।

दरअसल, सिरसी पुलिया से सिरसी मोड़ तक करीब 4.5 किलोमीटर लंबे हिस्से में सड़क को मास्टर प्लान के अनुरूप 160 फीट चौड़ा करने की योजना पर काम चल रहा था। वर्तमान में यह सड़क कई जगहों पर केवल 60 से 80 फीट चौड़ी है, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। राजस्थान हाईकोर्ट के निर्देश के बाद जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) ने इस दिशा में तेजी से कार्रवाई शुरू की थी।



### व्यापारियों ने 15 दिन का मांगा था समय

इससे पहले भी जेडीए ने स्थानीय व्यापारियों और निवासियों से बातचीत कर अतिक्रमण हटाने के लिए समझाइश दी थी। कई लोगों ने नुकसान कम करने के लिए स्वयं ही अपने निर्माण हटाने शुरू कर दिए थे। हालांकि, व्यापारियों ने प्रशासन से 15 दिन का समय, मुआवजा और पुनर्वास की मांग भी रखी थी।

### एक दिन पहले 300 अतिक्रमण किये थे चिन्हित

गुरुवार को जेडीए की आठ टीमों ने मौके पर पहुंचकर पूरे क्षेत्र का मापन किया और सड़क सीमा में आ रहे निर्माणों को चिन्हित करते हुए लाल निशान लगाए। सुबह से दोपहर तक चली इस कार्रवाई के दौरान दोनों ओर स्थित 300 से अधिक निर्माणों को चिह्नित किया गया। संभावित विरोध को देखते हुए प्रशासन ने भारी पुलिस बल भी तैनात किया था।

### पिछले साल भी हुई थी कार्रवाई

गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी इसी क्षेत्र में बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, जिसमें 200 से अधिक निर्माण ध्वस्त किए गए थे। अब सुप्रीम कोर्ट के ताजा आदेश के बाद पूरी कार्रवाई पर अस्थायी रोक लग गई है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि शाम तक सुप्रीम कोर्ट के ऑर्डर की कॉपी उन्हें मिल जाएगी, जिसके बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी।

# खाटूश्याम बाबा के पट 19 घंटे बंद रहेंगे

लोक टुडे। सीकर

सीकर स्थित खाटूश्यामजी बाबा का 23 अप्रैल को विशेष तिलक शृंगार किया जाएगा। जिले स्थित प्रख्यात खाटूश्यामजी मंदिर में 23 अप्रैल (गुरुवार) को खाटूश्याम बाबा की विशेष सेवा-पूजा और तिलक-शृंगार के कारण मंदिर में 19 घंटे दर्शन बंद रहेंगे। 22 अप्रैल को रात 10 बजे से 23 अप्रैल शाम 5 बजे तक बाबा श्याम मंदिर में पट बंद रहेंगे। श्रीश्याम मंदिर कमेटी की ओर से सार्वजनिक सूचना जारी कर इसकी जानकारी दी गई। श्रीश्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान ने बताया- विशेष अनुष्ठानों के साथ बाबा श्याम की सेवा-पूजा और तिलक कार्यक्रम भव्य रूप से किया जाएगा। इस समय अवधि में भक्तों को बाबा श्याम के दर्शन नहीं होंगे।

# राहुल गांधी के खिलाफ FIR

लोक टुडे। जयपुर/लखनऊ

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने शुक्रवार को राहुल गांधी के खिलाफ FIR दर्ज करने का आदेश दिया है। जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने कहा, FIR दर्ज करके मामले को उड़क को ट्रांसफर किया जाए। CBI इसकी जांच करेगी। कोर्ट ने यह आदेश कर्नाटक भाजपा के कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर की याचिका पर दिया।

# हाथ-पैर से कुछ नहीं होता, लेटे-लेटे पढ़ाई, गोद में उठाकर स्कूल ले जाते पिता, 10वीं में आए 100%

लोक टुडे। उदयपुर

सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित लक्षित परमार ने फ्हरए 10वीं की दिव्यांग कैटेगरी में 100 प्रतिशत नंबर हासिल किए हैं। 18 साल के लक्षित को लिखने में दिक्कत होती है। वह खुद का नाम भी नहीं लिख पाता। बोर्ड के नियमों के अनुसार उसे परीक्षा में एक राइटर मिला। राइटर एक क्लास जूनियर होना चाहिए यानी लक्षित का पेपर 9वीं कक्षा के एक छात्र ने लिखा। फ्हरए ने लक्षित का रिजल्ट गुरुवार दोपहर जारी किया। उसका रिजल्ट होल्ड पर था। बेटे की इस उपलब्धि पर उनके पिता दिनेश कुमार परमार भावुक हो गए। पिता दिनेश कुमार ने कहा- परिवार के कुछ लोग मेरे बेटे की शारीरिक क्षमता पर सवाल करते थे। आज वही मुझे फोन कर बधाई दे रहे हैं। वह अपने हाथ-पैर से कुछ काम नहीं कर सकता। अपनी मर्जी से ज्यादा हिल भी नहीं पाता। ज्यादा देर बैठ भी नहीं सकता। उसे मैं गोद में उठाकर स्कूल लेकर जाता था। उसका सपना है कि वह सिविल सर्विसेज की तैयारी कर कलेक्टर बने।



**पिता बोले- बेटे ने नाम रोशन किया :** पिता दिनेश ने बताया- हम पुरोहितों की मादड़ी के रहने वाले हैं। मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि मेरे बेटे ने सचमुच वो कर दिखाया है, जो वो रोजाना करने को कहा करते थे। 18 साल से जिस बेटे को रोजाना गोद में उठाकर उसके हर काम और मूवमेंट में मदद करते थे। उसे स्कूल तक लेकर जाते थे, उस बेटे ने वाकई उनके नाम को बढ़ा दिया है।

**बीमारी का इलाज नहीं हो पाया :** लक्षित की मां रेखा परमार ने बताया- बचपन से उसे मूवमेंट करने में दिक्कत थी। देशभर के अस्पतालों में इलाज करवाया, लेकिन इस बीमारी का कोई इलाज नहीं हो पाया। लक्षित की 2 छोटी बहनें हैं, जो लगातार उसके हर काम में मदद करती हैं। रेखा ने बताया- लक्षित ज्यादा देर बैठ नहीं पाता, ऐसे में वह लेटे हुए लगातार कभी मोबाइल फोन से तो कभी किताबों से पढ़ता रहता था। लक्षित स्कूल में नॉर्मल बच्चों के साथ पढ़ता था। वह नॉर्मल बच्चों के साथ पढ़ाई कर उनसे भी ज्यादा नंबर लाने में कामयाब रहा है। लगातार कुछ न कुछ पढ़ते रहना और स्कूल की स्टडी को रोजाना 3 से 4 घंटे तक दोहराना उसकी आदत में था।

**नॉवेल्स पढ़ने का बहुत शौक :** रेखा ने बताया- लक्षित को नॉवेल्स पढ़ने का बहुत शौक है। वह आए दिन नए नॉवेल्स मंगवाकर पढ़ता है। उसे एटॉमिक हैबिट्स, साइकोलॉजी ऑफ मनी, डीप वर्क जैसे नॉवेल्स में बहुत दिलचस्पी है। लक्षित को 8वीं क्लास में ए ग्रेड (91-100) मिली, जबकि 9वीं क्लास में भी उसके 86% बने थे।

**एक बार पढ़ने पर हो जाता है याद :** लक्षित की क्लास टीचर निर्मला सालवी ने बताया- लक्षित काफी जिज्ञासु बच्चा है। वह एक बार जिस चीज को देखता है या पढ़ता है, वह उसे याद हो जाती है। उसे एक बार समझाने पर कोई भी टॉपिक समझ आ जाता है। वह बहुत सवाल करने के बजाय सेल्फ लेवल पर उसका उत्तर ढूंढता है। लक्षित के साथ 10वीं में कुल 13 बच्चे थे। इन सबमें लक्षित का दिमाग काफी शॉर्प है। उसके पूछे गए हर सवाल का एक लेवल होता है, जो आम तौर पर बच्चे नहीं पूछ पाते हैं। स्कूल की डायरेक्टर सुषमा अरोड़ा ने बताया कि जब लक्षित का रिजल्ट आया तो एक बार हम भी चौंक गए। हमें फोन कर बताया कि आपके लक्षित के 100 फीसदी नंबर आए तो वो शब्द सुनकर काफी गर्व महसूस हुआ।

**यूनीक सवाल पूछते हैं :** लक्षित की बहन दीया 9वीं क्लास में पढ़ती है। दीया ने बताया कि हर छोटे काम में उनके भाई यूनीक सवाल पूछते हैं। वह हमें कभी डांटते नहीं हैं।

# हाईकोर्ट बोला- बहू अनुकंपा नियुक्ति की हकदार

## कहा- यह देखकर आश्चर्य हुआ कि विभाग ने वही आपत्ति उठाई, जिन्हें पहले ही कोर्ट खारिज कर चुका

**लोक टुडे। जयपुर**

राजस्थान हाईकोर्ट ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि बहू अनुकंपा नियुक्ति की हकदार है। जस्टिस रवि चिरानियां ने यह आदेश सुंदरी देवी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने मामले में नाराजगी जताते हुए कहा- जब 2023 में ही हाईकोर्ट की डिवीजन बैंच यह तय कर चुकी है कि बहू भी बेटी के समान ही अनुकम्पा नियुक्ति की हकदार है तो विभाग द्वारा उठाई गई आपत्तियां विधि सम्मत नहीं हैं। मामले में कोर्ट ने 9 अप्रैल को फैसला सुनाया था।




### बेटे की जगह बहु ने किया था आवेदन

वकील आरसी गौत्तम ने कोर्ट को बताया- मृत्यु के बाद बहू ने अपने ससुर के स्थान पर अनुकम्पा नियुक्ति के लिए आवेदन किया। क्योंकि मृतक के बेटे का पहले ही एक्सीडेंट हो गया था। वह पूरी तरह से बेड पर था। लेकिन विभाग ने उनकी अनुकम्पा नियुक्ति के आवेदन पर कोई विचार नहीं किया।

### तीस दिन में नियुक्ति देने के आदेश

अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा- याचिकाकर्ता के पति की मौत भी 25 मई 2020 को हो गई। उसके बाद परिवार के सभी आश्रित याचिकाकर्ता पर ही निर्भर हैं। अदालत ने कहा कि हमें यह देखकर आश्चर्य हुआ कि डिवीजन बेंच द्वारा निर्धारित कानून को जानते हुए भी विभाग ने वर्तमान मामले में अपने जवाब में वही आपत्ति उठाई है, जिन्हें पहले ही हाईकोर्ट खारिज कर चुका है। कोर्ट ने कहा विभाग याचिकाकर्ता को 30 दिन में नियुक्ति दें।

### बिना एक दिन की देरी के नियुक्ति दें

कोर्ट ने कहा कि यह उम्मीद की जाती है कि याचिकाकर्ता के मामले पर विचार करते समय प्रतिवादी कोई और तकनीकी आपत्ति नहीं उठाएंगे और बिना किसी देरी के एक दिन की भी देरी किए बिना अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करेंगे। यदि प्रतिवादी विभाग द्वारा अनावश्यक विलंब किया जाता है तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाएगी। अदालत ने 45 दिन में अनुपालना रिपोर्ट पेश करने के निर्देश भी दिए।

# रेलवे गेटमेन ने आर्मी अधिकारी-जवानों पर लगाया मारपीट का आरोप, बोला- पिस्तौल तानी

## नियमों के तहत बंद थी फाटक, आर्मी अधिकारी बोले-मैं कर्नल हूं, हमें गेट खुलवाना आता है'

**लोक टुडे। बाड़मेर**

बाड़मेर में गुरुवार रात करीब 10 बजे आर्मी के अधिकारी और जवानों पर गेटमैन के साथ मारपीट करने का आरोप लगा है। गेटमैन ने बताया कि रेलवे नियमों के तहत फाटक बंद रखने पर विवाद हुआ। इसके बाद उसे ड्यूटी रूम से बाहर ले जाकर पीटा गया और गला भी दबाया। उसने वीडियो बनाई तो पिस्तौल कनपटी पर रखकर वीडियो डिलीट करने को कहा। सूचना पर पुलिस और जीआरपी मौके पर पहुंची, जबकि घायल गेटमैन को जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं सेना पुलिस भी हॉस्पिटल पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी जुटा रही है। यह मामला बाड़मेर ग्रामीण थाना इलाके के जसाई रेलवे फाटक का है। गेटमैन के अनुसार यह घटनाक्रम करीब एक घंटे तक चलता रहा।

**रेलवे नियमों के तहत बंद था फाटक :** गेटमैन गोमाराम चौधरी ने बताया कि उसकी ड्यूटी बाड़मेर-जसाई के बीच रेलवे फाटक पर थी। रात



10:03 बजे स्टेशन मास्टर के निर्देश पर उसने फाटक बंद कर दिया और इसकी सूचना भी दे दी। नियम के अनुसार ट्रेन निकलने के बाद ही फाटक खोला जाता है। इसी दौरान 10:15 बजे एक आर्मी कर्नल की कार वहां पहुंची, जहां पहले से दोनों तरफ वाहनों की लाइन लगी थी। आर्मी अधिकारियों ने खुद को अधिकारी बताते हुए गेट खोलने का दबाव बनाया और कहा, हम आर्मी के अधिकारी हैं, हमें जाने दीजिए, गेट खोल दो। लेकिन मैंने नियमों का हवाला देते हुए जवाब दिया कि आप अधिकारी हो, हम आपका सम्मान करते हैं, लेकिन गेट नहीं खोल सकता, यह रेलवे के नियमों के तहत ही खुलेगा। इस पर अधिकारी ने नाराज होकर कहा, मैं कर्नल हूं, तू बात किससे कर रहा है, लेकिन मैंने साफ कहा कि मैं किसी के दबाव में गेट नहीं खोलूंगा। इस पर अधिकारी नाराज हो गए और दबाव बनाने लगे और बोले- अगर तू गेट नहीं खोलेगा, तो हमें खुलवाना आता है।

**अधिकारी और जवान ड्यूटी रूम में आ गए :** गेटमैन ने बताया कि बार-बार समझाने के बावजूद आर्मी अधिकारी और जवान ड्यूटी रूम में आ गए। उसने उन्हें बाहर से बात करने को कहा, लेकिन वे नहीं माने। स्थिति बिगड़ने पर गेटमैन ने वीडियो बनाना शुरू किया, जिस पर अधिकारी ने फोन छीनकर कहा कि वीडियो नहीं बना सकते हो। मैंने इसका विरोध करते हुए कहा कि आप मेरा फोन नहीं छीन सकते, मेरी ड्यूटी स्थल पर नहीं आ सकते। इसके बाद उन्होंने मुझे बंधक बना लिया। मुझे पटरी पर लेकर गए। गेटमैन ने बताया कि उसे रेलवे ट्रैक की तरफ ले जाकर हाथ, मुक्कों और लाठी-डंडों से पीटा गया। उस समय ट्रैक पर भीड़ होने के कारण ट्रेन पायलट को गाड़ी रोकनी पड़ी। उसका कहना है कि उसे यह तक समझ नहीं आया कि उसे कहां ले जाया गया और लगातार मारपीट की गई।

**पिस्तौल दिखाकर वीडियो डिलीट करने की धमकी :** गेटमैन ने आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान उसकी कनपटी पर पिस्तौल रखकर कहा गया कि अगर वीडियो डिलीट नहीं करेगा तो मार देंगे। उसने बताया कि उसका गला दबाने की भी कोशिश की गई, जिससे गले पर निशान आए हैं।

# हनुमानगढ़ में ओले गिरे; चूरू में चली आंधी

**लोक टुडे। जयपुर**

राजस्थान में शुक्रवार को मौसम का मिजाज कुछ अलग देखने को मिला। जहां राजधानी समेत कई जिलों में लोग भीषण गर्मी से तिलमिलाते दिखे तो वहीं हनुमानगढ़ और आसपास के इलाके में दोपहर को अचानक मौसम बदल गया। हनुमानगढ़ के नोहर में बारिश के साथ ओले गिरे। नोहर अनाज मंडी में बारिश से अनाज भीग गया। वहीं चूरू के राजगढ़ में बारिश के साथ तेज आंधी भी चली। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से आज 5 से ज्यादा जिलों में हल्की बरसात हो सकती है। बाड़मेर और जैसलमेर में तापमान 43 डिग्री के करीब रिकॉर्ड हुआ।

# रेप और हत्या के दोषी को फांसी की जगह उम्रकैद



**लोक टुडे। जोधपुर**

राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर मुख्यपीठ ने डूंगरपुर में 10 साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या के मामले में आरोपी की फांसी की सजा को 'शेष प्राकृतिक जीवन के लिए आजीवन कारावास' में बदल दिया है। जस्टिस विनीत कुमार माथुर और जस्टिस चंद्र शेखर शर्मा की खंडपीठ ने रेप व मर्डर के दोषी जितेंद्र उर्फ जीतू को विशेष पॉक्सो कोर्ट द्वारा सुनाई गई फांसी की सजा के आदेश में ये संशोधन किया है। कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट किया कि अपराध जघन्य जरूर है, लेकिन यह दुर्लभ से दुर्लभतम (रेयरेस्ट ऑफ रेयर) की श्रेणी में नहीं आता- क्योंकि आरोपी पहली बार का अपराधी है, उसका कोई पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है और वह पत्नी और दो नाबालिग बच्चों का मुखिया है।

# क्राइम फाइल्स

## रोहित गोदारा गैंग के नाम से धमकी शराब कारोबारी से मांगे 2 करोड़

**लोक टुडे। अजमेर**

अजमेर में एक शराब कारोबारी को गोदारा गैंग की तरफ से जान से मारने की धमकी मिली है। कॉलर ने खुद को रोहित गोदारा गैंग का सदस्य बताते हुए 2 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी। कॉलर ने अपना नाम राहुल फतेहपुर बताया। बोला- कुचामन रूलानिया हत्याकांड जैसा हाल कर दूंगा। मामले में पीड़ित जितेंद्र रंगवानी ने हरिभाऊ उपाध्याय नगर थाने में शिकायत दी है। मामला 16 अप्रैल को शाम 4.30 बजे का है। थाने में दी गई रिपोर्ट के मुताबिक वह शराब का व्यवसाय करता है। अजमेर में उसके चार शराब के ठेके हैं। हालांकि, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस तुरंत अलर्ट हो गई है और कॉल की जांच के साथ आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## लॉरेंस गैंग का बदमाश बताकर बिजनेसमैन से मांगे 2 करोड़

**लोक टुडे। जोधपुर**

जोधपुर के एक बिजनेसमैन को खुद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताने वाले बदमाश ने जान से मारने की धमकी दी है। बदमाश ने दो करोड़ रुपए की फिरौती की डिमांड की है, जिसके लिए केवल 2 दिन का समय दिया है। मामला रातानाडा थाना क्षेत्र का है। रातानाडा थानाधिकारी दिनेश लखावत ने बताया कि परिवादी की रिपोर्ट के आधार पर संगठित अपराध, जबरन वसूली, गंभीर आपराधिक धमकी देने से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि धमकी देने वाला वाकई विदेश में बैठकर धमकी दे रहा है या देश में ही रहते हुए वर्चुअल नंबरों की तकनीक का उपयोग किया गया है।

## सड़क हादसे में डॉक्टर की मौत साथी डॉक्टर गंभीर घायल

**लोक टुडे। पाली**

शहर के टीपी नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में एक डॉक्टर की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि उनके साथी डॉक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा नया गांव रोड पर गुर्जर छात्रावास के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार डंपर और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार दोनों डॉक्टर बुरी तरह फंस गए। टक्कर के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। हादसे में जालोर जिले के दांता (सांचौर) निवासी 34 वर्षीय डॉक्टर शैलेष बिश्नोई की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार चला रहे पाली जिले के धिंगाणा (जैतपुर) निवासी 30 वर्षीय डॉक्टर गौरव सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सिर में गहरी चोट लगने के कारण उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## कार पर पलटा कंटेनर, दो दोस्त दबे, एक की मौत

खैरथल-तिजारा में एक कंटेनर चलती कार पर जा गिरा। कार में दबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि उनका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे गुरुग्राम के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। हादसा जेरौली के नीमली गांव में गुरुवार शाम को हुआ। मृतक की पहचान फिरोजपुर झिरका निवासी बलराज सेठी (63) के रूप में हुई है, जबकि उनके दोस्त विपिन जैन घायल हो गए।

# पीएम मोदी की सभा में लगेंगे 100 लाउडस्पीकर, 2 लाख लोग जुटेंगे

## प्रशासन के साथ भाजपा कार्यकर्त्ता तैयारियां में जुटे, तीन बड़े डोम बनेंगे

**लोक टुडे । बालोतरा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21 अप्रैल को बालोतरा में पहली आधुनिक टेक्नोलॉजी वाली बीएस-6 मानक एचपीसीएल पचपदरा रिफाइनरी का उद्घाटन करेंगे। युद्धस्तर पर सभा की तैयारियां चल रही हैं। क्रेनों से डोम बनाए जा रहे हैं। 400 से ज्यादा मजदूर काम कर रहे हैं। सभा स्थल पर 100 से ज्यादा लाउडस्पीकर लगेंगे। जिससे सभास्थल के अंतिम छोर पर बैठे लोगों को भी पीएम की आवाज साफ सुनाई दे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया- सभा में 2 लाख लोग पहुंचेंगे। सभा स्थल पर तीन बड़े-बड़े डोम बनाए जा रहे हैं। हर डोम में 35 ब्लॉक है। एक ब्लॉक में 1600 लोग बैठ सकेंगे। गर्मी को देखते हुए सैकड़ों की संख्या में पंखे, 100 कूलर भी मंगवाए गए हैं।

### 10 से 15 हजार टू व्हीलर, 4000 हजार गाड़ियों की पार्किंग

बालोतरा जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव ने बताया- 21 अप्रैल को पचपदरा रिफाइनरी का पीएम नरेंद्र मोदी का उद्घाटन करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसको लेकर प्रशासन और एचपीसीएल की पूरी टीम तैयारी में जुटी है। सभा स्थल पर डोम बनाने का काम चल रहा है। सभा स्थल पर 10 से 15 हजार छोटे और 4 हजार बड़े वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। अलग-अलग रूट से आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है।



### 1 घंटे रिफाइनरी के प्रोसेस को जानेंगे

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया- पीएम नरेंद्र मोदी 21 अप्रैल को बाड़मेर उत्तरलाई एयरपोर्ट पर स्पेशल विमान से आएंगे। इसके लिए बाड़मेर प्रशासन ने तैयारियां करीब-करीब पूरी कर ली है। उत्तरलाई एयरपोर्ट से पीएम मोदी प्लेन से रिफाइनरी हेलीपैड पहुंचेंगे। वहां पर रिफाइनरी में 1 घंटे तक पूरे प्रोसेस को जानेंगे। वहां पेट्रोलियम मंत्री हरदीपपुरी, सीएम भजनलाल शर्मा समेत प्रदेश के अधिकारी और HPCL के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### 35 ब्लॉक बनेंगे; 1 में 1600 लोग बैठ सकेंगे

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया- पीएम मोदी के सभा स्थल में करीब 2 लाख लोगों के आने की उम्मीद है। इसके लिए 3 बड़े-बड़े डोम लगाए जा रहे हैं। इसमें अलग-अलग ब्लॉक बनाए जाएंगे। इसमें प्रत्येक ब्लॉक में 1600 लोगों को बैठने की व्यवस्था होगी। प्रत्येक डोम में 35 ब्लॉक बनेंगे। पीएम के प्रोग्राम को देखते हुए 1 लाख 70 से 80 हजार लोगों को बैठने की व्यवस्था की गई। वहीं पांडाल के अंदर व बाहर तीन बड़ी एलईडी लगाई जाएगी। एक किलोमीटर के दायरे में वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था रहेगी। सभा में बालोतरा, बाड़मेर समेत आसपास के जिलों में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना है। ऐसे में, प्रशासन ट्रैफिक, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है।

# हथियार सप्लायर बनकर पुलिस ने गैंगस्टर राजू मांजू को पकड़ा

**लोक टुडे । जोधपुर**



एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने '007 गैंग' के सरगना राजाराम उर्फ राजू मांजू को जयपुर से गिरफ्तार किया है। फलोदी, जोधपुर ग्रामीण और श्रीगंगानगर पुलिस ने राजू मांजू पर 75 हजार रुपए का इनाम रखा था। फलोदी जिले के जम्भेश्वर नगर के रहने वाले राजू मांजू पर हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, लूटपाट जैसे 36 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के क्क्ष्विकास कुमार ने बताया- अठ्ळ्क्र को सूचना मिली थी कि राजू मांजू हथियारों की तलाश में जयपुर में है। टीम ने हथियार सप्लायर बनकर राजू मांजू से संपर्क किया। काफी मशक्कत के बाद राजू मानसरोवर के पास एक पार्क में साथियों को भेजने के लिए राजी हुआ। पुलिस टीम तीन दिन तक उसी पार्क के पास डेरा डाले रही। एक जवान तो वहां चाय की थड़ी पर चाय बेचने का काम करने लगा। अंत में राजू ने लाल टोपी और काला चश्मा पहनकर अकेले आने का संदेश भेजा। जब पुलिस ने उसे दबोचा, तो उसने बताया कि हाल ही में 'रक्तांचल' वेब सीरीज देखकर उसे खुद का एजेंट बनकर आने का आइडिया आया था।

**गुरु जेल गया, तो बना सरगना :** आईजी विकास कुमार ने बताया- राजू मांजू ने पहली बार साल 2013 में अपराध की दुनिया में कदम रखा था। पिछले 13 सालों में उस पर हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण, लूटपाट, अवैध मादक पदार्थों और हथियारों की तस्करी के 36 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। साल 2017-18 में उसने अपने गुरु श्याम पुनिया के साथ मिलकर '007 गैंग' बनाई थी।

# सीवर टैंक की सफाई को उतरे 2 मजदूरों का दम घुटा, मौत

## ठेकेदार की लापरवाही से हादसा, मौके से फरार

**लोक टुडे । जयपुर**



झोटवाड़ा इलाके में सीवर लाइन की सफाई के दौरान शुक्रवार को बड़ा हादसा हो गया, जिसमें दो सफाईकर्मियों की मौत हो गई। यह घटना झोटवाड़ा जोन के 200 फीट रोड क्षेत्र की बताई जा रही है। दोनों मृतक ठेके पर कार्यरत मजदूर थे, जिन्हें सीवरेज टैंक की सफाई के लिए नीचे उतारा गया था। जानकारी के अनुसार टैंक के भीतर जहरीली गैस जमा होने के कारण दोनों मजदूरों का दम घुट गया। हालत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत कांवटिया अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मृतकों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। अस्पताल की मोर्चरी के बाहर परिजनों और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे माहौल गमगीन हो गया।

**बिना सुरक्षा मजदूर को टैंक में उतारा :** घटना के बाद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि ठेकेदार ने बिना पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों और जरूरी सावधानियों के मजदूरों को टैंक में उतार दिया, जो सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की अवहेलना है। सुप्रीम कोर्ट पहले ही सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान श्रमिकों की सुरक्षा के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी कर चुका है, लेकिन इसके बावजूद ऐसे हादसे सामने आ रहे हैं।

# प्रदेशभर के PHED ठेकेदारों ने दिया धरना, दी आत्मदाह की धमकी

**लोक टुडे । जयपुर**

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (PHED) के ठेकेदारों ने बकाया भुगतान को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पिछले 5 दिनों से जलदाय भवन के बाहर प्रदेशभर से आए ठेकेदार धरना दे रहे हैं। ठेकेदारों का आरोप है कि पिछले 33 महीनों से करीब 3500 करोड़ रुपए का भुगतान अटका हुआ है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और अब हालात गंभीर हो चुके हैं। धरने में राजस्थान कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन संघर्ष समिति के बैनर तले प्रदेशभर के ठेकेदार शामिल हो रहे हैं। उनके साथ जुड़ी इंडस्ट्री के लोग भी समर्थन में आ गए हैं। ठेकेदारों ने सरकार को 20 अप्रैल तक का अल्टीमेटम दिया है और साफ कहा है कि अगर भुगतान नहीं हुआ तो 21 अप्रैल से पूरे प्रदेश में रोजाना 2 घंटे पानी की सप्लाई रोक दी जाएगी।



**भुगतान अटका, ठेकेदारों की हालत बिगड़ी :** जैसलमेर से आए ठेकेदार नारायण सिंह ने बताया कि राजस्थान में करीब 3000 PHED ठेकेदार काम कर रहे हैं और सभी का भुगतान लंबे समय से रुका हुआ है। उन्होंने बताया कि संगठन की ओर से हर स्तर पर प्रयास किए गए, लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उनके मुताबिक जल जीवन मिशन के तहत किए गए अधिकांश कामों का पैसा नहीं मिला है, जिससे छोटे और बड़े सभी ठेकेदार आर्थिक संकट में हैं। उन्होंने बताया कि कई जगह प्रोजेक्ट बंद हो चुके हैं या बंद होने की कगार पर हैं। ठेकेदार अपने स्टाफ को वेतन तक नहीं दे पा रहे हैं और कर्ज का बोझ लगातार बढ़ रहा है।

**आत्मदाह और आत्महत्या तक की नौबत :** कोटा से आए ठेकेदार संजीव सिंघवी ने बताया कि पिछले तीन साल से जेजेएम और अमृत योजना के तहत किए गए कामों का भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि ठेकेदारों के सामने अब जीविका का संकट खड़ा हो गया है और हालात इतने खराब हो चुके हैं कि कुछ लोग आत्मदाह या आत्महत्या जैसे कदम उठाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि अगर ऐसी स्थिति बनती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

**उद्योगों का समर्थन, 1000 करोड़ फंसे :** प्लास्टिक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष सुमेर सिंह शेखावत ने बताया कि भुगतान अटकने से पाइप इंडस्ट्री पर भी गंभीर असर पड़ा है। करीब 1000 करोड़ रुपए इस सेक्टर में फंसे हुए हैं, जिससे उत्पादन और सप्लाई चेन प्रभावित हो रही है और हजारों लोगों के रोजगार पर असर पड़ रहा है।

**5 लाख रोजगार पर असर, बड़े प्रोजेक्ट ठप :** ठेकेदारों ने बताया कि इस संकट का असर करीब 5 लाख लोगों के रोजगार पर पड़ रहा है। सरकारी नियमों के अनुसार 15 दिन में भुगतान होना चाहिए, लेकिन 33 महीने बाद भी पैसा नहीं मिला है। इससे जल जीवन मिशन और ईआरसीपी जैसे बड़े प्रोजेक्ट प्रभावित हो रहे हैं और कई जगह काम रुक चुका है। ठेकेदारों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। ऐसे में गर्मी के इस मौसम में जल सप्लाई बाधित होने से आम लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# मां ने 4 साल की बेटी को मार डाला

**लोक टुडे । अलवर**

अलवर में महिला ने चार साल की बेटी की रस्सी से गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने ब्लेड से अपने हाथों की नसें काटकर सुसाइड का प्रयास किया। महिला का गंभीर हालत में जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना राजगढ़ थाना क्षेत्र के पुराना राजगढ़ इलाके की शुक्रवार सुबह की है। मृतक बच्ची के ताऊ नीरज सैनी (30) ने बताया- सुबह करीब 7 बजे गरिमा (4) को स्कूल भेजने के लिए पिता संतोष (27) ने कमरे का गेट खोला। बेटा ठीक था, उसे कोई दिक्कत नहीं थी। बेटी को जगाया तो वह बोल नहीं रही थी। उसे तुरंत राजगढ़ हॉस्पिटल लेकर गए। उसके बाद संतोष की पत्नी शीला (25) को देखा। वह बेहोशी की हालत में थी। गांव के दो लोगों को बुलवाया।

# कलेक्टर ने की जन सुनवाई; मौके पर ही निस्तारण

**लोक टुडे । जयपुर**

जयपुर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला कलक्टर सन्देश नायक ने राजस्व प्रकरणों से जुड़े परिवादों सहित 84 फरियादियों के परिवाद सुने, जिनमें से 10 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। अन्य प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के लिए कलक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस मौके पर हवामहल विधायक बालमुकुन्दाचार्य, सिविल लाइन्स विधायक गोपाल शर्मा, किशनपोल विधायक अमीन कागजी, चौमू विधायक शिखा मील बराला, जिला प्रमुख रमा देवी चौपड़ा भी मौजूद थीं। जिला स्तरीय जनसुनवाई में कुल 84 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें प्रमुख रूप से अतिक्रमण हटवाने, पेंशन शुरू करवाने, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने, पेयजल की सप्लाई सुचारू कराने, कृषि भूमि में आवागमन हेतु रास्ता खुलवाने, वृद्धावस्था पेंशन, सड़क, नामांतरण जमीन विवाद सहित विभिन्न विषयों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई।

PK टाइम्स
www.pktimesnews.com

दैनिक लोक टुडे
www.loktodaynews.com

04

जनता की आवाज
विश्वसनीय खबरों का सर्वश्रेष्ठ अखबार

जयपुर, शनिवार, 18 अप्रैल, 2026

# अब स्टूडेंट नहीं पढ़ेंगे राजस्थान का इतिहास और स्वर्णिम भारत

## राजस्थान बोर्ड ने 9वीं से 12वीं तक की 4 किताबें हटाईं, स्कूलों को दिए निर्देश

**लोक टुडे । बीकानेर**

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की सिफारिश पर कक्षा 9 से 12 तक की चार पुस्तकों को सिलेबस से हटा दिया गया है। इस सेशन में इन पुस्तकों का निशुल्क वितरण भी नहीं होगा। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के समाज शिक्षा विभाग ने इस संबंध में गुरुवार दोपहर 1 बजे आदेश जारी किए। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए महत्वपूर्ण आदेश जारी करते हुए कक्षा 9 से 12 तक की चार पुस्तकों को विद्यालयों में नहीं पढ़ाने के निर्देश दिए हैं। यह निर्णय इन पुस्तकों के विलोपन (डिस्कन्टीन्यू) किए जाने के कारण लिया गया है।




### बोर्ड के प्रस्ताव पर हटी पुस्तकें

समाज शिक्षा के उप निदेशक अशोक कुमार पारीक ने बताया कि चार पुस्तकों को हटाने के संबंध में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर ने प्रस्ताव दिए थे। इस पर राज्य सरकार के निर्णय के बाद पुस्तकों को हटाया गया है। यह निर्णय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान के 11 अप्रैल को दिए पत्र तथा समग्र शिक्षा जयपुर के फरवरी में दिए गए आदेश की पालना में किया गया है।

### 4 किताबों को लेकर मुख्यमंत्री को लिखा था लेटर

सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने कहा- राजस्थान राज्य पाठ्य पुस्तक मंडल जयपुर की कक्षा 9 के लिए प्रकाशित पुस्तक राजस्थान का स्वतंत्रता आंदोलन और शौर्य परपंरा को लेकर मैंने आपत्ति की थी। इस पुस्तक के चैप्टर-4 के पेज नंबर 42 में लिखे तथ्यों में संशोधन के लिए आग्रह किया था। आपत्ति के बाद भी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर ने इस प्रकाशित अंश को सही बताया और संशोधन की आवश्यकता नहीं बताई। इसके बाद मैंने तथ्यों सहित मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की टिप्पणी पूर्णतया असत्य होकर वामपंथी विचारधारा से प्रेरित थी। लेखक मंडल की ओर से दी गई राय में कई भ्रामक टिप्पणियों का उपयोग किया गया था। विभिन्न आपत्तियों के बाद आखिरकार 4 पुस्तकों को शिक्षा विभाग ने बंद करने के आदेश जारी किया।

### इन पुस्तकों को हटाया गया

**कक्षा 9** – राजस्थान का स्वतंत्रता आंदोलन एवं धरोहर (हिंदी/अंग्रेजी माध्यम)
**कक्षा 10** – राजस्थान का इतिहास एवं संस्कृति (हिंदी/अंग्रेजी माध्यम)
**कक्षा 11** – आजादी के बाद का स्वर्णिम भारत झ भाग 1(हिंदी/अंग्रेजी माध्यम)
**कक्षा 12** – आजादी के बाद का स्वर्णिम भारत झ भाग 2 (हिंदी/अंग्रेजी माध्यम)

### स्कूलों को दिए गए निर्देश

निदेशालय ने समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारियों एवं समग्र शिक्षा के पदेन जिला परियोजना समन्वयकों को निर्देशित किया कि वे सुनिश्चित करें कि हटाई गई इन पुस्तकों का अध्ययन शैक्षणिक सत्र 2026-27 में किसी भी स्कूल में न कराया जाए।

# मैराथन में 1.5 किलोमीटर तक महिलाओं ने लगाई दौड़

**लोक टुडे । जयपुर**

जयपुर में शुक्रवार को नारी शक्ति फॉर विकसित भारत रन का आयोजन किया गया, जिसमें शहर की महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तत्वावधान में माय भारत की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला शक्ति को सम्मान देना और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना रहा। सुबह 07:30 बजे चांदपोल से शुरू हुई यह रन बड़ी चौपड़ तक आयोजित की गई। करीब 1.5 किलोमीटर लंबी इस दौड़ में छात्राओं, उद्यमियों, पत्रकारों, खिलाड़ियों और विभिन्न पेशों से जुड़ी महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। आयोजन में सैंकड़ों की संख्या में



महिलाओं की भागीदारी दर्ज की गई।

**नारी शक्ति वंदनथीम के साथ दिया संदेश** : कार्यक्रम की थीम नारी शक्ति वंदन रखी गई। रन को राज्य मंत्री मंजू बाघमार और पूर्व विधायक अलका गुर्जर ने फ्लैग-ऑफ किया। इस दौरान पूर्व महापौर कुसुम यादव सहित कई प्रमुख महिलाएं मौजूद रहीं। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 की कांस्य पदक विजेता पूजा और वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 की स्वर्ण पदक विजेता कचनार चौधरी भी कार्यक्रम में शामिल हुईं

**फिट इंडिया के संदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास** : माय भारत राजस्थान के राज्य निदेशक देवेंद्र कुमार व्यास ने बताया कि इस आयोजन के जरिए फिट इंडिया के संदेश को आगे बढ़ाने के साथ-साथ महिलाओं की राष्ट्र निर्माण में भूमिका को सामने लाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे रूट पर ऊर्जा और जोश का माहौल बना रहा।

# विश्व धरोहर दिवस; संरक्षित स्मारक और संग्रहालयों में आज प्रवेश निशुल्क

**लोक टुडे । जयपुर**

विश्व धरोहर दिवस (18 अप्रैल) के अवसर पर राजस्थान में पर्यटन एवं पुरातत्व विभाग की ओर से व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इस दौरान प्रदेश के सभी संरक्षित स्मारक और संग्रहालयों में पर्यटकों का प्रवेश निशुल्क है। विभाग द्वारा धरोहर संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। राजधानी जयपुर में इस अवसर पर विशेष हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जा रहा है, जो सुबह 6:00 बजे से 8:00 बजे तक आयोजित होगी। वॉक की शुरूआत विरासत संग्रहालय से होकर छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार, लंगर के बालाजी, नाहरगढ़ थाना, 12 मोड़ मार्ग होते हुए नाहरगढ़ दुर्ग तक पहुंचेगी और इसी मार्ग से वापसी होगी। इस हेरिटेज वॉक का मुख्य उद्देश्य आमजन को शहर की ऐतिहासिक धरोहरों से जोड़ना और उनके संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। खास आकर्षण के रूप में छोटी चौपड़ के अंडरग्राउंड में स्थित पुरातत्व कला दीर्घा का भ्रमण कराया जाएगा, साथ ही स्मारकों के इतिहास को समझाने के लिए QR-Code आधारित डिजिटल जानकारी की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह के रूप में मेडल प्रदान किए जाएंगे। इस आयोजन में वैक्स म्यूजियम नाहरगढ़, सरस डेयरी और जयपुर मेट्रो सहयोगी के रूप में शामिल हैं।

# जैसलमेर में ओरण के लिए 3666 हैक्टेयर भूमि आरक्षित

**लोक टुडे । जयपुर**

पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय जनभावनाओं का सम्मान करते हुए राज्य सरकार ने जैसलमेर जिले के पारिस्थिति की संतुलन को बनाए रखने के लिए ओरण भूमि के आरक्षण हेतु महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। ओरण प्राचीन काल से चली आ रही एक ऐसी व्यवस्था है जहाँ सामाजिक-धार्मिक मान्यताओं के कारण स्थानीय लोग इन पवित्र उपवनों को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। ऐसी मान्यता है कि इन क्षेत्रों में पेड़ों को काटना या कुल्हाड़ी का उपयोग करना वर्जित है, जिससे यहाँ का पारिस्थितिकी तंत्र स्वतः ही सुरक्षित रहता है। राज्य सरकार द्वारा जैसलमेर जिले के विभिन्न गांवों में ओरण के लिए कुल 3666.2139 हैक्टेयर भूमि आरक्षित की गई है, जिसमें रामगढ़ तहसील के ग्राम दिलावर का गांव में 124.9502 हैक्टेयर, कुछड़ी ग्राम में 1084.8043 हैक्टेयर और पूनमनगर ग्राम में 583.9876 हैक्टेयर, फतेहगढ़ तहसील के ग्राम भीमसर में 952.2752 हैक्टेयर और बींजोता में 96.7716 हैक्टेयरभूमि ओरण क्षेत्र के लिए आरक्षित की गई है। जैसलमेर तहसील के ग्राम मोकला के तीन खण्डों में क्रमशः 187.364, 256.2511 और 253.4034 हैक्टेयर तथा बीरमा काणोद 126.4065 हैक्टेयर भूमि आरक्षित की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त जैसलमेर तहसील के ग्राम मोकला में 1457.4991 हैक्टेयर, नाचना तहसील के ग्राम आसकन्द्रा में 225.03 हैक्टेयर एवं ग्राम दिधू में 229.5067 हैक्टेयर, ग्राम मोहनगढ़ बारानी/पन्नोधराय में 333.9165 हैक्टेयर क्षेत्रों को भी ओरण के रूप में आरक्षित करने की कार्यवाही की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रिक, प्रकाशन, संपादक - नीरज मेहरा द्वारा बोनस ग्राफिक्स, लक्ष्मी नगर, हटवाड़ा मार्ग, अजमेर रोड, जयपुर - 302006 से मुद्रिक एवं 141, दयानन्द नगर, फेज प्रथम झेलना डूंगरी गली नंबर 19, थाना गांधी नगर, जयपुर (राज.) प्रकाशित प्रबंध संपादक - पी.के.बृजवाल, 9950325930, 9571635930 (कानूनी सलाहकार एडवोकेट कैलाशनाथ भट्ट)